पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

# राज्यपाल की अध्यक्षता में आज दुधवा टाइगर रिजर्व के सभागार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई

———————

## थारू जनजातीय क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ, अभियान चलाकर लोगों तक पहुँचाया जाए

———————

## महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएं

**—राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

———————

लखनऊ : 03 जून, 2025

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज दुधवा टाइगर रिजर्व के सभागार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि थारू जनजातीय क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाकर सरकारी योजनाओं का लाभ, अभियान चलाकर लोगों तक पहुँचाया जाए। इन क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए विशेष प्रयास किए जाएं तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर ज़ोर दिया जाए। राज्यपाल जी ने सीएमओ को निर्देशित किया कि निजी चिकित्सालयों से प्रसव से संबंधित डेटा एकत्र किया जाए। सीएमओ ने अवगत कराया कि जिले में प्रसव सुविधाओं वाले डिलीवरी प्वाइंट्स की संख्या बढ़ाई जा रही है और थारू क्षेत्रों में छह उपकेंद्र संचालित हैं। अब तक 168 ग्राम पंचायतों को टीवी मुक्त घोषित किया जा चुका है।

राज्यपाल जी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रिओं को इनके उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाए। एनआरसी केंद्रों को बाल मैत्री बनाने हेतु वहां टीवी, खिलौने और बच्चों के बैठने की

सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष जिन 1300 गंभीर रूप से कुपोषित (सैम श्रेणी) बच्चों को सुपोषित किया गया, उन बच्चों की घर–घर जाकर निगरानी की जाए। इसके अलावा, नगरीय क्षेत्रों में किराए पर चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को परिषदीय विद्यालयों के कक्षों में स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया गया। छह वर्ष के सभी नामांकित बच्चों का परिषदीय स्कूलों में अनिवार्य रूप से नामांकन कराने के निर्देश भी दिए।

बैठक में राज्यपाल जी ने बीएसए से जिले में संचालित 31 पीएम श्री विद्यालयों की जानकारी ली और नामांकन प्रक्रिया की प्रगति जानी। सीडीओ ने बताया कि अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत जिले के 416 तालाबों में से 355 पूर्ण हो चुके हैं और शेष 61 पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कृषि विभाग से ऑर्गेनिक खेती और श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन की स्थिति भी साझा की।

सीडीओ श्री अभिषेक कुमार ने 'मिशन मैदान' नामक जिला प्रशासन की अभिनव पहल का प्रजेंटेशन राज्यपाल जी के समक्ष प्रस्तुत किया। राज्यपाल जी ने इस प्रयास की सराहना की और इसे स्वास्थ्य व पुस्तकालय सुविधाओं से जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर टी. रंगा राजू ने वन विभाग की गतिविधियों पर प्रस्तुति दी। साथ ही सीडीओ ने 'हर गांव, तालाब' योजना पर भी जानकारी दी। बैठक की शुरुआत में सीडीओ श्री अभिषेक कुमार ने जिले की सांस्कृतिक, भौगोलिक और सामाजिक विशेषताओं की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर डीएम श्री दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी श्री संकल्प शर्मा, सीडीओ श्री अभिषेक कुमार, डीडी दुधवा श्री टी रंगा राजू, डीएफओ श्री सौरीस सहाय, श्री संजय बिसवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

————

सम्पर्क सूत्र
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0–9161668080





